**Need to widen the Jind-Panipat State Highway and declare it as a National Highway in Haryana**

श्री सतपाल ब्रह्मचारी **(**सोनीपत**) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से, माननीय परिवहन मंत्री जी से रिक्वेस्ट करना चाहता हूँ कि जींद-पानीपत रोड का निर्माण कार्य लगभग 15 वर्षों से लंबित है । वहाँ डबल इंजन की सरकार है । मैंने पहले भी इसके लिए रिक्वेस्ट किया था, जिसका जवाब मिला था । माननीय गडकरी जी की नज़रों से वह रोड कैसे बच गया, क्योंकि वह रोड भी एन.एच. है । उसका कारण यह बताया गया कि हरियाणा सरकार द्वारा रोड के किनारे के पेड़ों की कटाई नहीं करायी गयी है ।

आपके माध्यम से, माननीय मंत्री जी से मेरा पुन: आग्रह है कि जींद-पानीपत रोड, जो बहुत ही महत्वपूर्ण रोड है, यह हरियाणा के मध्य भाग को जोड़ने वाला रोड है, इसके बारे में आप सब जानते हैं, इसलिए उस रोड के निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए ।

महोदय, आपके माध्यम से मेरी एक और अपील है ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** श्री राम प्रसाद चौधरी जी ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** सतपाल जी, ऐसे नहीं होता है, आप सिर्फ अपना विषय रखा कीजिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** श्री राम प्रसाद चौधरी जी ? आप बोलिए ।

? (व्यवधान)